फोन : (0755-2490322)

मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग

(मध्यप्रदेश शासन)

भोपाल (म.प्र.)

पत्रकार वार्ता का आयोजन

उच्च गुणात्मक योग्यता के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के संस्थान युवाओं को अच्छी गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध कराकर किसी भी देश के आर्थिक विकास में विभिन्न तरह से अपना योगदान करते हैं। तीव्रगामी विकास एवं परिवर्तन हमें अपने चारों ओर दिखाई दे रहा है। विकास की दौड़ एवं परिवर्तन की इस लहर ने इन संस्थानों के सम्मुख न केवल नई–नई चुनौतियां प्रस्तुत की हैं वरन् नवीन सम्भावनाओं के द्वार भी खोले हैं। मध्यप्रदेश भी इससे अछूता नहीं रहा है। प्रदेश की अभियांत्रिकी शिक्षा के संस्थान नित नई चुनौतियों का सामना करते हुये नवीन सम्भावनाये तलाश करने दिखाई दे रहे हैं। प्रदेश के अभियांत्रिकी शिक्षा के इन संस्थानों का अनुभव अभी तक कैसा रहा है ? मध्यप्रदेश में अभियांत्रिकी शिक्षा के सम्बन्ध में आखिर ये चुनौतियां कौन–कौन सी हैं ? इन चुनौतियां का सामना ये संस्थान कैसे करें ? अभियांत्रिकी शिक्षा की दशा एवं दिशा क्या हैं ? वर्तमान परिदृश्य में वे कौन–कौन सी उभरती हुई नवीन सम्भावनाये हैं जो प्रदेश की अभियांत्रिकी शिक्षा को नई ऊँचाई एवं पहचान दिला सकती हैं ? नियामक संस्थाओं की इस सम्बध में क्या भूमिका है ? शासन की इस सम्बंध में क्या अपेक्षायें हैं ?

इन सब बातों पर विस्तृत चर्चा करने हेतु आयोग अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुये **"मध्यप्रदेश में अभियांत्रिकी शिक्षा : चुनौतियां एवं संभावनायें"** विषय पर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा संचालनालय के सहयोग से दिनांक 29.9.2014 को प्रातः 10.00 बजे से एक दिवसीय परिचर्चा आयोजित करने जा रहा है।

इस परिचर्चा में प्रदेश के लगभग 50 संस्थानों के मान. चेयरमैन, मान. कुलपतिगण विभागाध्यक्ष, विषय विशेषज्ञ तथा अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित रह कर विचार मंथन करेंगे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश शासन, **माननीय श्री उमाशंकर जी गुप्ता**, करेंगे।

उपरोक्त परिचर्चा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी से जनसाधारण को आपके प्रतिष्ठित समाचार माध्यम से अवगत कराया जाना समाज के व्यापक हित में होगा। अतः इस उद्देश्य से पत्रकार वार्ता का निम्नानुसार आयोजन किया जा रहा है। इस पत्रकार वार्ता को आयोग के चेयरमैन, **डॉ. अखिलेश पाण्डे** एवं **निदेशक, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, डॉ. आशीष डोंगरे** स्वयं सम्बोधित करेंगे।

: कार्यक्रम :

आयोजन तिथि	:	26 सितम्बर, 2014 (शुक्रवार)
समय	:	दोपहर 1.00 बजे से
स्थल	:	इण्डियन कॉफी हाउस, न्यू मार्केट, भोपाल।

आयोजित पत्रकार वार्ता में आप अथवा आपके समाचार प्रतिनिधि सादर आमंत्रित हैं।

सादर .....

(डॉ. पी.के. खरे)
सचिव
25/9/14

प्रति,

सम्पादक महोदय